अनीश दयाल सिंह, भा.पु.से.
Anish Dayal Singh, IPS

महानिदेशक
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल
Director General
Central Industrial Security Force
13, C.G.Os. Complex, Lodhi Road,
New Delhi - 110003
Tel.: 011-24361125, Fax : 011-24361202
E-mail : dg@cisf.gov.in

अपील

भाषा हमारे विचारों के आदान-प्रदान का एक सशक्त माध्यम है। हिंदी एक उन्नत, समृद्ध और वैज्ञानिक भाषा है जो भारतीय जनमानस की संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सामर्थ्य रखती है। भारतीय संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर, 1949 के दिन हिंदी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था। इस दिवस का स्मरण करते हुए तथा राजभाषा हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए देशभर में 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजभाषा में काम करना न केवल हमारी सांविधिक जिम्मेवारी है बल्कि हमारा नैतिक दायित्व भी है।

मुझे खुशी है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बल मुख्यालय में 14 सितम्बर, 2024 से 28 सितम्बर, 2024 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान, अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। पखवाड़े के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बल सदस्यों को अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना है ताकि राजभाषा नीति की मूल भावना के अनुरूप प्रेरणा और प्रोत्साहन से हिंदी के प्रयोग को उतरोत्तर बढ़ाया जा सके।

मैं बल मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों/इकाइयों के सभी कार्यालय प्रमुखों, अधिकारियों एवं कार्मिकों से अपील करता हूँ कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करें और उत्साहपूर्वक हिंदी पखवाड़ा मनाएं तथा इस दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें।

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ।

अनीश द. सिंह
(अनीश दयाल सिंह)